साफ सुथरा परिवेश का निर्माण हमारी सामाजिक जिम्मेदारी– डा. रीता रघुवंशी

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की साइंटिस्ट एमिरेट्स डा. रीता सिंह रघुवंशी ने 'व्यक्तिगत स्वच्छता एवं देखभाल' विषय पर इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता न केवल शरीर को रोगमुक्त रखने में सहायक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्म–विश्वास को भी बढ़ावा देती है। डा. रघुवंशी ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वच्छता के आदतों के बारे में जागरूक किया साथ ही यह भी बताया कि साफ–सुथरे परिवेश का निर्माण करना हम सबकी महत्वपूर्ण एवं सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण में संतुलित आहार के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डा. रघुवंशी ने बताया कि उचित मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन शरीर को स्वस्थ रखने के साथ–साथ जीवनशैली संबंधी रोगों से भी बचाता है। डा. छाया शुक्ला, सह प्राध्यापक ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। आयोजन के अंत में छात्रों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका डा. रघुवंशी ने सरल व सारगर्भित उत्तरों के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आईसीएसएसआर परियोजना हैडिंग टॉर्च ऑफ प्लेनेट अर्थ तू स्कूल एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट ऑफ़ उत्तराखंड के तहत डा. पूनम (पी.डी.एफ) एवं डा. छाया शुक्ला पर्यवेक्षक के संयोजन एवं महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अलका गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।